Ministry of Housing and Urban Affairs
Government of India

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

Azadi Ka Amrit Mahotsav

स्वतंत्रता दिवस विशेष संस्करण



# स्वच्छ वार्ता



## कचरे से आज़ादी


### स्वच्छ भारत मिशन–शहरी 2.0

न्यूजलेटर

सत्यमेव जयते

# आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

## भारत सरकार



महात्मा गांधी ने स्वच्छता को आज़ादी के सपने के साथ जोड़ा था। आज इतने दशकों के बाद एक बार फिर स्वच्छता आंदोलन ने देश को नए भारत के सपने के साथ जोड़ा है। और यह हमारी आदतें बदलने का एक अभियान भी बनता जा रहा है और हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि स्वच्छता एक कार्यक्रम है।

**नरेंद्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**

# स्वच्छ संदेश

*"In SBM-U 2.0, the second phase of PM Shri Narendra Modi Ji's visionary Swachh Bharat Mission focuses on making cities garbage free along with sewage & safety management, making cities water secure & ensuring that dirty drains do not merge into rivers."*



**SHRI HARDEEP SINGH PURI**
Union Minister, MoHUA

*"हमें अपने शहरों को विकसित, स्वच्छ, प्रदूषणमुक्त, रोजगारयुक्त बनाकर दुनिया के सामने मिसाल पेश करनी है, ताकि हम नहीं बल्कि अन्य देशों के लोग आकर हमारे शहरों, प्लानिंग और संसाधनों को देखें। ऐसे शहरों का निर्माण हम उत्कृष्ट और सुनियोजित योजनाओं द्वारा ही कर सकते हैं, जिसके लिए हमें टीम इंडिया की तरह काम करना है।"*



**श्री कौशल किशोर**
*राज्य मंत्री, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय*

*"We are committed to transforming manholes into machine holes. As of now approx. 25% of cities already possess adequate equipment and we anticipate complete mechanization transition by 2026."*



**SHRI MANOJ JOSHI**
Secretary, MoHUA

स्वच्छ वार्ता
न्यूजलेटर

# स्वतंत्रता दिवस विशेष

अपशिष्ट से आज़ादी

कचरे से आज़ादी


प्लास्टिक से आज़ादी

पुराने डंपसाइट्स से आज़ादी

येलो स्पॉट्स से आज़ादी


गंदी गलियों से आज़ादी

मैनहोल्स की जोखिम भरी सफाई से आज़ादी



# अपशिष्ट से आज़ादी

## वेस्ट टु वंडर




उज्जैन में आयोजित 'वन–डे बॉटल कलेक्शन' अभियान के दौरान 13 जून 2023 को 3R पार्क में प्लास्टिक और कांच की बोतलें एकत्रित कर रीयूज की गईं।

चेन्नई में लोग इलियट्स बीच पर 27 जून 2023 को 600 किलोग्राम प्लास्टिक और 700 किलोग्राम लोहे से बनी कुछए की एक 30 फुट की प्रतिमा का अनावरण कर #UnplasticIndiaMovement से जुड़े।






चंडीगढ़ के कालासागर गार्डन में वेस्ट सैनेटरी आइटम्स, जैसे टॉयलेट्स सिंक समेत अन्य वस्तुओं को सुंदर कलाकृतियों में परिवर्तित किया गया और प्रेरणादायक वेस्ट–टु–आर्ट का उदाहरण पेश किया गया।

टीम भिवानी ने दीवारों पर सुंदर पेंटिंग कर एक गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट (GVP) को स्वच्छ और सुंदर जगह में बदल दिया।



# कचरे से आज़ादी

## जीरो वेस्ट जीवनशैली

चंडीगढ़ में जून 2023 को "1₹UPEE Store" खोला गया, जहां 3R सिद्धांत (रिड्यूस, रीसाइकल, रीयूज) का प्रचार करते हुए उपयोगी वस्तुओं को केवल 1 रुपये में बेचा गया।







विजयवाड़ा में शहर की नहरों को साफ करने के लिए कैनाल बोट का इस्तेमाल करते हुए नई पहल का शुभारंभ किया गया।

देहरादून में स्वच्छता सप्ताह (12–18 जून 2023) का आयोजन हुआ, जिसमें स्थानीय निवासी, सेना, और एनसीसी के कैडेट्स स्वच्छता के लिए एक साथ आए।







स्वच्छ बाजार, ज्यादा व्यापार' पहल के अंतर्गत रतलाम नगर निगम ने यह सुनिश्चित किया कि बाजारों में दुकानों के बाहर कूड़ेदान उपलब्ध हों और दुकानदारों के बीच जागरूकता भी फैलाई गई।

# प्लास्टिक से आज़ादी

## #SayNoToPlastic




इंदौर के 'गैंग ऑफ प्लास्टिक हाइस्ट' ने दशहरा मैदान स्थित सब्जी–मंडी में दुकानदारों को प्लास्टिक की थैली की जगह कपड़े के थैले का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया।

उत्तर प्रदेश में 3 जून 2023 को 'अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक थैला मुक्त दिवस' पर कपड़े के थैलों के वितरण और नागरिकों द्वारा प्लास्टिक थैले के इस्तेमाल से बचने की प्रतिज्ञा जैसी गतिविधियां देखने को मिलीं।







विजयवाड़ा की 'एनी टाइम बैग मशीन' ने प्लास्टिक के थैलों का एक ईको–फ्रेंडली विकल्प मुहैया कराया।



सिद्धेश्वर हाईस्कूल में 'पेपर–बैग बनाओ' प्रतियोगिता आयोजित कर पिंपरी–चिंचवाड़ ने 'वर्ल्ड पेपर बैग डे' (12 जुलाई 2023) मनाया।

# येलो स्पॉट से आज़ादी

## खुले में पेशाब से मुक्त शहर







एमपी ने 21 जून 2023 को सीटी/पीटी की स्वच्छता के लिए एक दिवसीय 'टॉयलेट–23' अभियान चलाया। यूएलबी ने करीब 4 हजार शौचालयों में निरीक्षण और सफाई करवाई।






विजयवाड़ा के अधिकारियों ने बेंज सर्कल में निर्माणाधीन पिंक टॉयलेट का निरीक्षण किया, जिसमें सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन, इंसिनेटर्स और फीडिंग एरिया जैसी सुविधाएं होंगी।





सीटी/पीटी में ओएंडएम सुनिश्चित करने के लिए इंदौर नियमित दौरे कराता है। शहर में 234 सार्वजनिक शौचालय प्रतिदिन आने वाले लगभग 75,000 आगंतुकों की सेवा में संचालित हैं।

# गंदी बैकलेन से आज़ादी

## शहरी क्षेत्रों का कायाकल्प






इंदौर के नागरिकों ने 21 जून 2023 को अपने घरों के पीछे मौजूद बैकलेन का निराले अंदाज से कायाकल्प कर उसी स्थान पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया।





पिंपरी चिंचवाड़ की टीम स्वच्छ ने एक बैकलेन को सुंदर स्वरूप देकर 'आदर्श बैकलेन्स' के नाम से उद्घाटन किया। इस दौरान वहां महिलाओं के एक समूह ने क्रिकेट मैच का आनंद लिया।

चंडीगढ़ नगर निगम ने बैकलेन्स की सफाई के लिए एक बड़ा अभियान चलाया। इसके तहत 600 बैकलेन्स में साप्ताहिक सफाई अभियान चलाए गए।





# मैनहोल्स की जोखिम भरी सफाई से आज़ादी

## मैनहोल से मशीनहोल







बीएमसी सभी सेसपूल वाहन कर्मचारियों को स्वास्थ्य और स्वच्छता, कीचड़ हटाने के काम, पीपीई किट के उपयोग और संबंधित प्रोटोकॉल पर प्रशिक्षण देगी, जिसमें ट्रांसजेंडर्स को भी शामिल किया जाएगा। सफाईमित्र सुरक्षा के तहत एक बेहतरीन पहल।



बरसात के मौसम के दौरान भी, घनौर नगर पंचायत ने सफाईमित्र सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मशीनों का उपयोग करके सीवर और सेप्टेज टैंकों की सफाई का अभियान चलाया।



इंदौर निगम का इन–हाउस विकसित 'सीवर निरीक्षण कैमरा' एंड्रॉइड फोन से कॉस्ट इफेक्टिव सीवर जांच सुविधा देता है, जिससे जलभराव रोका जा सकता है।



# पुराने डंपसाइट से आज़ादी

## लक्ष्य जीरो डंपसाइट

### उत्तर प्रदेश में पुराने वेस्ट डंपसाइट का ग्रीन जोन में किया गया कायाकल्प

आगरा




मेरठ




उत्तर प्रदेश में 75 शहरी स्थानीय निकायों में से जिनके पास पुराने वेस्ट डंपसाइट्स हैं, उनमें से 32 में रिमिडिएशन का काम किया गया है।

### मध्य प्रदेश में पुराने वेस्ट डंपसाइट का रिमिडिएशन

इंदौर




भोपाल




मध्य प्रदेश में कुल 168 पुराने कचरे वाले डंपसाइट्स में से 53 को शहरी स्थानीय निकायों द्वारा सफलतापूर्वक निवारण कर दिया गया है।

### आंध्र प्रदेश में लेगेसी वेस्ट डंपसाइट्स पर तेजी से हो रहा काम







आंध्र प्रदेश में 124 पुराने कचरे वाले डंपसाइट्स हैं, जिनमें से 10 को शहरी स्थानीय निकायों ने रिमिडिएट कर दिया है और 32 अन्य जगहों पर कार्य प्रगति पर है।

# स्वच्छता- जन आंदोलन






पंजाब में स्कूली छात्रों ने वेस्ट सेग्रीगेशन और खाद बनाना सीखने के लिए कुराली के वेस्ट मैनेजमेंट सेंटर का दौरा किया।






3 जून 2023 को 'वर्ल्ड बाइसिकल डे' के अवसर पर रांची और उज्जैन में 3R के बारे में जागरुकता फैलाने के लिए साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया।







14 जुलाई 2023 को वेस्ट सेग्रीगेशन और स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए प्रयागराज में स्वच्छता की महारैली, स्वच्छता का महाकुंभ का आयोजन किया गया।







जुलाई 2023 में इंदौर में 'यह तो बड़ा ईजी है' अभियान चलाया गया, जिसमें स्लम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को होम कम्पोस्टिंग की जानकारी दी गई।

# स्वच्छ सर्वेक्षण

## विश्व का सबसे बड़ा शहरी स्वच्छता सर्वेक्षण

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 फील्ड असेसमेंट






स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के मूल्यांकन की चौथी और अंतिम तिमाही 'फील्ड असेसमेंट' को MoHUA सचिव श्री मनोज जोशी द्वारा लॉन्च किया गया। लगभग 3,000 मूल्यांकनकर्ता, 1 जुलाई 2023 से 46 संकेतकों के आधार पर 4800 शहरों के प्रदर्शन का अध्ययन और मूल्यांकन करने के लिए मैदान में उतरे।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 टूलकिट लॉन्च







केंद्रीय मंत्री, MoHUA, श्री हरदीप पुरी ने स्वच्छ भारत मिशन–शहरी 2.0 के अंतर्गत 10 जुलाई 2023 को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के 9वें संस्करण की टूलकिट लॉन्च की। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए थीम RRR–रिड्यूस, रीसाइकल, रीयूज है।

# फील्ड विज़िट




MoHUA की संयुक्त सचिव श्रीमती रूपा मिश्रा ने 11 जून 2023 को कपुलुप्पादा, विशाखापत्तनम में बायोमाइनिंग और जिंदल वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का दौरा किया।



टीम स्वच्छ ने 16 जून 2023 को रायपुर के 550 टीपीडी क्षमता वाले अपशिष्ट सुविधा केंद्र का निरीक्षण किया।





निमोरा में 16 जून 2023 को 90 MLD वाले एसटीपी प्लांट का क्षेत्रीय दौरा।

# राज्य स्तरीय बैठक



आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव श्री मनोज जोशी ने 8 जून 2023 को राष्ट्रीय सलाहकार और समीक्षा समिति (एनएआरसी) की बैठक में अध्यक्षता की, जिसमें ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण, जल प्रबंधन, क्षमता निर्माण और आईईसी के लिए 9 राज्यों में 2,450 करोड़ रुपये के प्रस्ताव स्वीकृत किए गए।



MoHUA सचिव श्री मनोज जोशी ने 9 जून 2023 को विभिन्न राज्यों में लगे CBG प्लांट के कार्यान्वयन पर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।



आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव श्री मनोज जोशी ने 20 जून 2023 को दक्षिण एशिया के ADB महानिदेशक श्री केनिची योकोयामा के साथ एसबीएम–यू 2.0 समेत हाल ही में चल रही शहरी विकास परियोजनाओं पर चर्चा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की।

# क्षमता निर्माण की पहल




13 जून 2023 को MoHUA की संयुक्त सचिव श्रीमती रूपा मिश्रा ने एनसीजीजी द्वारा आयोजित एक प्रशिक्षण सत्र में बांग्लादेश से आए सिविल सर्वेन्ट्स के साथ स्वच्छता के सर्वोत्तम प्रयासों पर चर्चा की।




यूज्ड वॉटर एवं फीकल स्लज मैनेजमेंट पर रायपुर में 16 जून 2023 को राष्ट्रीय परामर्श कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में इनोवेटिव सॉल्यूशंस पर जोर दिया गया और वॉटर मैनेजमेंट में छत्तीसगढ़ की लीडरशिप को दर्शाया गया।





एनआईयूए द्वारा 19 जून 2023 को आयोजित 'पर्वत–मंथन – स्वच्छ और स्थायी पहाड़ी राज्य पर संवाद' के दौरान आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की संयुक्त सचिव श्रीमती रूपा मिश्रा ने पहाड़ी राज्यों में स्थायी विकास को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण के महत्व पर जोर दिया।

# एसबीएम–यू 2.0 – योजना और कार्यान्वयन

## राष्ट्रीय समीक्षा–सह–कार्यशाला






केंद्रीय मंत्री श्री हरदीप एस पुरी ने आईआईएम इंदौर के सेंटर ऑफ एक्सिलेंस (सीओई) में आपसी सहयोग के प्रसार और विकास के लिए पब्लिक–प्राइवेट पार्टनरशिप को बढ़ावा देने के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में 'स्वच्छता नॉलेज पार्टनर्स इनिशिएटिव' की शुरुआत भी हुई।





मंत्रालय सचिव श्री मनोज जोशी ने एसबीएम–यू 2.0 की योजना एवं कार्यान्वयन की समीक्षा–सह–कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रगति कर रहे शहरों की सराहना की।








समीक्षा–सह–कार्यशाला में शामिल हुए प्रमुख सचिव शहरी विकास एवं नगरपालिका प्रशासन, नगर निगम के आयुक्तों, राज्य मिशन निदेशकों ने आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव श्री मनोज जोशी और संयुक्त सचिव श्रीमती रूपा मिश्रा को शहरी स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन पर अपनी चिंताओं से अवगत कराया।

# सोशल मीडिया ट्रेंड्स

## twitter

**Manoj Joshi**
@Secretary_MoHUA

Addressed the #U20MayoralSummit23, at Ahmedabad- Gandhinagar on 07 July, and briefed the participants about the rapid progress being made by India in sustainable urban development. I called upon the Mayors to find innovative ways to improve climate financing in cities. @g20org



**Swachh Bharat Urban**
@SwachhBharatGov

Hon'ble Union Minister @HardeepSPuri launched the toolkit for Swachh Survekshan 2024, during the Review-cum-Workshop of Planning and Implementation of SBM-U2.0 .
Toolkit includes new indicators for determining cities' ranking & emphasis on #RRR centres.
#IndiaVsGarbage




**Swachh Bharat Urban**
@SwachhBharatGov

'सिटीजन फीडबैक स्वच्छ सर्वेक्षण 2023' के तहत @MrtNagarNigam अधिकारियों व एनजीओ प्रतिनिधियों के द्वारा शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करने और सिटीजन फीडबैक में भागीदारी देने के लिए प्रेरित किया गया ।
#SwachhSurvekshan2023 #RRR
#indiavsgarbage #WasteToWealth




## Instagram

**sbmurbangov**




23 likes
**sbmurbangov** Your city can get the title of being 'the cleanest city of India' if it scores well in... more

**sbmurbangov**




28 likes
**sbmurbangov** No effort should die!

**sbmurbangov**



20 likes
**sbmurbangov** Embracing responsibility, the citizens of #Karwar, Karnataka, join in action for a remarkable beach clean-up drive on #WorldEnvironmentDay!
Let's continue to keep our beaches pristine and inspire others to do the same! #RRR4LiFE #ChooseLiFE
#IndiaVsGarbage

## facebook

**Swachh Bharat Mission - Urban**
Jun 21

योग करना रोगमुक्त जीवन की कुंजी है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर इंदौर की गणेश कालोनी आदर्श बैकलेन स्थित 'FIT INDORE' ग्रुप द्वारा स्थानीय निवासियों के साथ योगाभ्यास किया गया।
आइये! हम सब साथ आएं और योग को अपने जीवन में अपनाएं एवं इसके प्रति अन्य लोगों को भी जागरूक करें।

Ministry of Housing and Urban Affairs Hardeep Singh Puri Manoj Joshi Press Information Bureau - PIB, Government of India MyGovIndia

See translation



**Swachh Bharat Mission - Urban**
6d

स्वच्छ भारत मिशन के तहत देशभर में स्वच्छ सर्वेक्षण किया जा रहा है। इसके तहत कमिश्नर सुरेंद्र रेड्डी ने तेलंगाना ... See more

No translation available
See translation




**Swachh Bharat Mission - Urban**
Jun 21

Jamshedpur has embarked upon an initiative, upcycling old clothes into a variety of useful items such as carpets, doormats & more. #RRR4LiFE campaign has found a sustainable solution to create livelihood opportunities for a group of workers. #ChooseLiFE #IndiaVsGarbage.
Ministry of Housing and Urban Affairs Hardeep Singh Puri Manoj Joshi Press Information Bureau - PIB, Government of India MyGovIndia



स्वच्छ भारत मिशन पर ज्यादा जानकारी के लिए

हमें फॉलो करें:

Swachh Bharat Mission – Urban @SwachhBharatGov sbm_urban Swachh Bharat Urban swachh-bharat-urban